महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री बघेल को विदा करने हेलीपैड पर पहुंचे स्कूली बच्चे

सारंगढ़-बिलाईगढ़। बिलाईगढ़ में भेंट-मुलाकात के पश्चात वापस लौट रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विदा करने स्कूली बच्चे भी पवनी हेलीपैड पहुंचे। मुख्यमंत्री बघेल जब हेलीपैड पहुंचे तो बच्चों ने उन्हें कका-कका की आवाज दी जिसे सुनकर मुख्यमंत्री बच्चों के पास उनसे मिलने पहुंचे। उन्होंने प्राइमरी और हाई स्कूल के बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा और मन लगाकर पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दी।

बेकाबू बाइक रोड़ पर गिरा, युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। दीपका क्षेत्र में काम करने के बाद बाइक से घर लौटते समय बाइक के बेकाबू होने से सडक़ पर गिरे युवक की मौत हो गई। बिलासपुर जिले के अदराली.नीरतू गांव का विनोद कुमार कोर्राम 25 दीपका क्षेत्र में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। वह प्रतिदिन अपाचे बाइक सीजी.12.बीबी.7151 में सवार होकर गांव से दीपका आवाजाही करता था। सोमवार शाम वह दीपका में काम करने के बाद अपने गांव के लिए बाइक से रवाना हुआ। रास्ते में बोईदा के सडक़ पारा के पास बाइक तेजरफ्तार होने के कारण बेकाबू हो गई। इससे बाइक समेत विनोद सडक़ पर गिरा। सिर पर चोट लगने से अत्याधिक मात्रा में ब्लड बहने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी।

छत्तीसगढ़ में कई डिप्टी कलेक्टरों का हुआ तबादला

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों के ट्रांसफर किये हैं जिसमें प्रफूल्ल कुमार रजक डिप्टी कलेक्टर पेंड्रा गौरेला मरवाही को जिला मानपुर मोहला चौकी, तुलसी दास मरकाम जनपद पंचायत पेंड्रा गौरेला मरवाही को जनपद पंचायत पत्थलगांव जिला जशपुर, इंदिरा मिश्रा जनपद पंचायत पेंड्रा मरवाही को डिप्टी कलेक्टर रामानुजगंज जिला बलरामपुर फागेश सिन्हा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर को डिप्टी कलेक्टर सरगुजा कुमारी पूजा बंसल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर जिला गरियाबंद को डिप्टी कलेक्टर सरगुजा और शिवनाथ बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दंतेवाड़ा को डिप्टी कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा किया गया है।

खनिज विभाग की कार्यवाई :रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन, 6 हाइवा व 2 ट्रैक्टर जब्त

कोरबा (आरएनएस)। जिले में गौण खनिज रेत व गिट्टी का अवैध परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की टीम कार्रवाई करते हुए 6 हाइवा व 2 ट्रैक्टर को जब्त किया है। गौण खनिज का अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश कलेक्टर संजीव झा ने खनिज विभाग को दिए है। इसके तहत जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की उडऩदस्ता निगरानी करते हुए कार्रवाई कर रही है। दो दिनों के भीतर खनिज विभाग ने कटघोरा बाइपास, कटघोरा नाका व उरगा में 2-2 हाइवा को पकड़ा, वहीं राताखार से रेत निकालते 2 ट्रैक्टर को भी पकड़ा। वाहनों को जब्त कर कोतवाली में अभिरक्षा में रखा है। जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मुताबिक सभी प्रकरण में एमएमडीआर एक्ट 1956 के धारा 21 के तहत आगे कार्रवाई की जाएगी।

26 को रायपुर पहुंचेगी शैलजा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की नई प्रभारी कुमारी शैलजा 26 दिसंबर को राजधानी रायपुर आएंगी। प्रभारी बनने के बाद यह कुमारी शैलजा का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। यहां वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। सुश्री शैलजा के छत्तीसगढ़ दौरे पर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा है कि, छत्तीसगढ़ में उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। मरकाम ने कहा कि, कुमारी शैलजा के मार्गदर्शन में नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस पार्टी 2023 का चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश प्रभारी बनने के बाद सुश्री शैलजा पहली बार छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रही हैं।

देश के कई राज्यों में शीतलहर का अलर्ट जारी

छत्तीसगढ़ में भी बढ़ी ठंड

नई दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)। पूरे उत्तर भारत में अब सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर अब तेजी से मैदानी इलाकों में दिखने लगा है। आईएमडी ने अपने ताजा अपडेट में कहा है कि अब आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पडऩे वाली है और शीतलहर चलेगी।

मौसम विभाग ने दिल्ली, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब , हरियाणा और राजस्थान में शीतलहर और कोहरे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

जम्मू-कश्मीर में कई इलाकों में पारा माइनस में चल रहा है। पहलगाम में तापमान माइनस 4.8, कुपवाड़ा में माइनस 3.5, कोकरनाग में माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस है तो वहीं जम्मू और श्रीनगर में कोहरे का प्रकोप जारी है तो वहीं आज भी यहां के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में पांच दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

कोहरे की वजह से लोगों का चलना-फिरना मुश्किल

तो वहीं बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में आज कोहरे का प्रकोप देखा गया और मौसम विभाग ने कहा है कि अब आने वाले दिनों में भी ये ही हालात रहने वाले हैं। कोहरे की वजह से लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो रहा है।

विभाग ने कहा कि कोहरे की स्थिति अब यही रहने वाली है इसलिए सबको सेहत के प्रति ध्यान रखने की जरूरत है। तो वहीं हिमाचल के भी ऊंचे इलाकों में आज स्नोफॉल हो सकता है तो ऐसा ही हाल उत्तराखंड का भी रहेगा तो वहीं मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। लखनऊ में आज न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया जाएगा और कोहरे का असर शाम को देखने को मिलेगा तो वहीं शीतलहर का अलर्ट जारी है तो वहीं राजस्थान में आज दिन भर मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में गिरावट जारी रहेगी लेकिन साउथ में मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा।

शीतलहर को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी- उत्तर भारत में ठंड, कोहरा और शीतलहर ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 दिसंबर तक यूपी में शीत लहर की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी में 22 दिसंबर तक घना कोहरा देखने को मिलेगा। जबकि मौसम विभाग ने पंजाब में अगले 3 दिनों तक घने कोहरे के साथ शीतलहर चलने का अनुमान जताया है।

सर्द हवाओं के चलते बदला पारा- उत्तर से आ रही सर्द हवाओं की वजह से छत्तीसगढ़ का मौसम बदल रहा है। अंबिकापुर-पेंड्रारोड में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। बीते सोमवार को पारा 6.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, राजधानी रायपुर का न्यूनतम तापमान13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आने वाले दिनों में यहां ठंड और बढ़ेगी। जबकि प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आ रही हैं। इसके प्रभाव से मंगलवार को मौसम शुष्क रहेगा।

गौठानों से मिली महिलाओं को एक नई पहचान : गोकुल नगर गौठान के स्व-सहायता समूह की आय का नया जरिया बना देशी गाय का गोबर

❒ गोबर के उत्पादों से समूह की महिलाओं को मिला विभिन्न मंचों में सम्मान

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थापित राजधानी रायपुर के गोकुल नगर गौठान की एक पहल महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने यह सिद्ध किया है कि यदि किसी भी काम को लगन से किया जाए तो उसका परिणाम सुखद ही होता है। गौठान में काम कर रही महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी है बल्कि विभिन्न मंचों में सम्मान भी पा रही है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी के अंतर्गत जिले के गोकुल नगर,जोन 6 में 2.5 एकड़ में गौठान का निर्माण किया गया है। यहां गोबर को बेचा नहीं जाता बल्कि इससे कई प्रकार की सामग्री बनाने का काम महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है। इन उत्पादों की बिक्री से गौठान को सालाना 30 लाख की आमदनी होती है। जिससे समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है और किसी पर निर्भर भी नहीं है। गौठान में 400 से अधिक देशी गाय है जिनसे हर रोज़ करीब 3 हजार किलो गोबर मिलता है इस गोबर का उपयोग करके यहाँ 30 से ज्यादा प्रकार के उत्पाद बनाए जाते है। इन दिनों इस गौठान की स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोबर से टाइल्स बनाने के काम में जुटी है।

गौठान में नवाचार से अनेक प्रकार के रोजगार सृजन हुए है। प्रत्यक्ष रूप से गोबर बेचकर तो लोगों को लाभ हो ही रहा है पर गोबर से जैविक खाद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर महिला स्व. सहायता समूह भी लाभ कमा रहीं है। इस स्व सहायता समूह में 13 महिलाएं काम करती है, जो गोवंश के देखभाल के साथ-साथ गोबर से विभिन्न उत्पाद बनाती है। जिसमे देशी गाय के गोबर से, लकड़ी, कंडे, धुप, हवन सामग्री, खाद, गुलाल, मूर्तियां, गमले, टाइल्स, जैसी अलग-अलग सामग्रियाँ बनाई जाती है। गौठान में ऐसे कई उत्पाद है जो दुनिया में पहली बार बने है जिनमे गोबर की चप्पल, सूटकेस, घडियाँ, पेंटिंग्स शामिल है।

गौठानों से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई है और साथ ही प्रदेश भर की महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन रही है। राज्य शासन द्वारा भी गौठानों से आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिससे इन महिलाओं के साथ साथ प्रदेश भर की महिलाओं के प्रयासों को बल मिल रहा है। इसी बल के कारण महिलाएं न केवल अपने हुनर को निखार कर अपने लिए आय का श्रोत बना रही है बल्कि देश भर की महिलाओं के लिए मिसाल भी बन रही है।

आत्मानंद स्कूल के दो छात्र पिकनिक मनाने के दौरान नदी में डूबे, गोताखोर कर रहे तलाश

जांजगीर-चाम्पा (आरएनएस)। आत्मानंद स्कूल के दो छात्र नदी में डूब गए हैं। आज पिकनिक मनाने के दौरान हसदो नदी में यह घटना हुई है। पुलिस मौके पर गोताखोरों के साथ मौजूद हैं और बच्चो की नदी में तलाश कर रही है। घटना बलौदा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र के पँतोरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत देवरी गांव में पिकनिक स्पॉट में यह घटना हुई। यहां हसदो नदी में पिकनिक स्पॉट है जहां लोग पिकनिक मनाने आते हैं। आज दोपहर आत्मानंद स्कूल बलौदा व जय भारत स्कूल बलौदा के 8 बच्चे पिकनिक मनाने गए थे। तभी आत्मानंद स्कूल के दो छात्र दिव्यांश कटकवार (16) व प्रांजल देवांगन (17) दोनो नहाने उतरे थे पर गहरे पानी मे जाकर डूब गए। दोनो बच्चे बलौदा निवासी हैं। अन्य ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस बल गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुँचे और बच्चो की तलाश शुरू की। पर अभी तक उनका कोई पता नही चल पाया है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रभारी सहायक आयुक्त ट्रायबल का स्थानांतरण

❒ मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित अमल : बिलाईगढ़ क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के दौरान आदिम जाति विकास विभाग के बारे में मिली थी शिकायतें

सारंगढ़-बिलाईगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के दौरान आम जनता से आदिम जाति विकास विभाग के बारे में मिली लेन-देन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आज बिलाईगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारी का स्थानांतरण करने और शिकायतों की जांच के निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर त्वरित अमल करते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त पी.सी. लहरे की सेवाएं मूल विभाग में वापस लेते हुए आगामी आदेश तक उन्हें संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। पी.सी.लहरे का मूल पद अनुसंधान अधिकारी है। आज दोपहर मंत्रालय से आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बिलाईगढ़ में कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान जहां शिकायतें आ रही हैं, वहां कार्रवाई भी हो रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए और यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान भी हो।

किसान ने डिक्की में रखा था 8 लाख रूपए, बाइकर्स ने किया पार

कोरबा (आरएनएस)। बैंक से 8 लाख रुपए निकालने के बाद बाइक की डिक्की में रखकर जाते समय चाय पीने रूकना किसान को महंगा पड़ गया। उसके बाइक की डिक्की से बाइकर्स ने रुपए पार कर दिया।

जानकारी के अनुसार उरगा निवासी राकेश कुमार गबेल किसानी कार्य करता है। जो सोमवार को बरपाली स्थित सहकारी बैंक पहुंचा थाए जहां से उसने 8 लाख रुपए निकाला। बैंक के बाहर आकर रकम को उसने बाइक की डिक्की में रखा। उसके बाद वापस जाने लगा। शाम करीब 5 बजे राकेश बरपाली चौक के पास पहुंचा।

जहां चाय पीने के लिए रूका। बाइक उतरकर वहां होटल पहुंचा। इस दौरान पल्सर में पहुंचे दो नाकाबपोश उसके बाइक के पास पहुंचे। इसमें से एक ने राकेश की बाइक की डिक्की से रकम से भरा थैला उठा लिया। राकेश की नजर पड़ी तो उसने आवाज लगाई। लोग उन्हें पकडऩे जब तक आगे बढ़ते बाइकर्स तेजरफ्तार में वहां से भाग निकले। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही उरगा पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची। वहीं संभावित मार्ग पर नाकेबंदी कर संदिग्ध लोगों की जांच.पड़ताल शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक बदमाशों का पता नहीं चला। जिस तरीके से रेकी के बाद पीछा करते हुए मौका पाकर बाइक की डिक्की में रखे 8 लाख रुपए को पार किया गया पिछले दिनों कटघोरा में इसी तरीके से सीआईएसएफ के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की बाइक की डिक्की से 5 लाख रुपए की उठाईगीरी हुई थी। पुलिस को नट गिरोह पर संदेह है।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक

❒ संस्थागत प्रसव बढ़ाने के दिए निर्देश

❒ गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच और उचित पोषण आहार देने पर दिया बल

रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज दूसरे विभागीय समीक्षा बैठक के दूसरे दिन प्रदेश के सभी जिलों के ओपीडी एवं आईपीडी के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, पॉलीक्लीनिक, मातृत्व स्वास्थ्य, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (व्ही.एच.एन.डी), सुमन कार्यक्रम, पीसीपीएंडडीटी एक्ट, एएनसी रजिस्ट्रेशन, एड्स कंट्रोल, टीबी, लेप्रोसी आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में जिलों में पदस्थ विभागीय उप संचालक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सिंहदेव ने जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव के दौरान गर्भवती माताओं को उचित पोषण आहार देने पर बल दिया। बैठक के दौरान नॉन फंक्शनल एफआरयू की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव आर प्रसन्ना ने प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक एक टेलीपॉइंट बनाने और गंभीर रोगियों पर अनिवार्य रूप से अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए। पीसीपीएंडडीटी एक्ट (लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994) का गरियाबंद, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर में कड़ाई से पालन कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य सचिव को व्हीएचएनडी एप्प के संचालन में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य सचिव ने व्हीएचएनडी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले ज़िलों की सराहना की। गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन पर पहली तिमाही में ही स्वास्थ्य जांच की कार्ययोजना पर चर्चा की गई, जिससे की शुरुआती दौर में ही सभी स्वास्थ्य जांच संभव हो सके और गंभीर प्रसूताओं की समय पूर्व स्क्रीनिंग की जा सके बालोद व कांकेर में संचालित पॉलीक्लीनिक में ओपीडी की संख्या बढ़ाने कहा गया। इन स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के साथ लैब सुविधाओं को भी बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया गया। बैठक में टीबी मरीज़ों की खोज में जो दिक्कतें आ रही हैं उन्हें दूर कर तत्काल जांच और इलाज सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सभी सिविल सर्जनों और हॉस्पिटल कंसलटेंट की कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

चेतन बाई ने कर्ज माफी और न्याय योजना का लाभ उठाकर खरीदी खेती की जमीन

सारंगढ़-बिलाईगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की किसान हितैषी योजनाओं की ग्रामीणों के बीच स्वीकार्यता और लोकप्रियता का यह आलम है कि एक ग्रामीण महिला ने कर्ज माफी से बचे पैसे और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिली राशि से खेती के लिए जमीन का छोटा सा टुकड़ा खरीदा और उसका नामकरण 'मुख्यमंत्री बाहराÓ याने मुख्यमंत्री खेत कर दिया। मुख्यमंत्री ने आज बिलाईगढ़ में प्रेसवार्ता में इस वाकये का जिक्र करते हुए बताया कि भेंट-मुलाकात के दौरान सरसींवा में ग्रामीण महिला चेतन बाई ने बताया था कि कर्ज माफी से मिले लाभ और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिले पैसों से 32 डिसमिल जमीन ली हूं, जिसका नाम मैने मुख्यमंत्री बाहरा (खेत) रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

गौरतलब है कि मंगलवार को बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम सरसींवा में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में चेतन बाई महिलांग ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह सरकार छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की चिंता करती है। आज तक ऐसा मुख्यमंत्री नहीं देखा जिसने सभी का ध्यान रखा है। चेतन बाई ने बताया कि उनका 01 लाख 56 हजार रूपए का कर्ज माफ हुआ है, पैसे बचे हैं और अतिरिक्त आय भी हुई है। उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना में 03 लाख 42 हजार रूपए की राशि मिली है। बचत के पैसे और इस राशि से 32 डिसमिल जमीन खरीदी है, जिसका नाम मैंने 'मुख्यमंत्री बाहराÓ (खेत) रखा है।

उनकी बात सुनकर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि अच्छा लगता है जब लोग बताते हैं कि हमने इस योजना का लाभ लेकर यह उपलब्धि हासिल की। कोई मोटरसाइकिल खरीद रहा है, तो कोई कार, कोई घर बनवा रहा है, तो कोई अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए योजनाओं से मिले पैसे का उपयोग कर रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चेतन बाई की बात सुनकर उन्हें बधाई दी और भेंट-मुलाकात में संवाद करने आए सभी लोगों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति देखने के लिए भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में विधानसभा वार जनता से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान वे न केवल योजनाओं के लाभान्वितों से बात कर रहे हैं साथ ही उनसे रायशुमारी भी कर रहे हैं।